महाविद्यालय में बी0एड0 द्विवर्षीय शैक्षणिक सत्र 2025–27 में प्रवेश संबंधी सूचना

बी0एड0 शैक्षणिक सत्र 2025–27 के लिए बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी द्वारा आयोजित बी0एड0 काउन्सिलिंग से महाविद्यालय को आवंटित सभी छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि आपके एलाटमेंट/कन्फर्मेशन लेटर पर अंकित तिथि एवं निर्देशों के अनुसार, महाविद्यालय में आपको रिपोर्टिंग करने के लिए उपस्थित होना है। इसके उपरांत महाविद्यालय द्वारा तय की गई तिथियों पर आपको महाविद्यालय के बी.एड. विभाग में उपस्थित होकर अपने समस्त दस्तावेजों की जाँच करानी होगी। इस प्रक्रिया के उपरांत ही आपका प्रवेश सुनिश्चित हो सकेगा।

प्रवेश से संबंधित अपने **समस्त मूल दस्तावेज** तथा **उनकी 1–1 छायाप्रति** लेकर महाविद्यालय में निर्धारित तिथि पर उपस्थित हों।

दस्तावेजों की छायाप्रतियां निम्न क्रम में लगाकर दो फाइलें बनाकर लाएं–

1. आवेदन पत्र (JEE-B.Ed.2025)।
2. प्रवेश पत्र (JEE-B.Ed.2025)।
3. स्कोर कार्ड (JEE-B.Ed.2025)।
4. काउन्सिलिंग रजिस्ट्रेशन लेटर।
5. एलाटमेंट/कन्फर्मेशन लेटर
6. वेटेज प्रमाण पत्र।**(यदि किसी अभ्यर्थी को भारांक (Weightage) मिला हो)**
8. हाईस्कूल अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र।
9. इण्टरमीडिएट अंकपत्र एवं प्रमाणपत्र।
10. स्नातक सभी वर्ष/सेमेस्टर के अंकपत्र एवं (डिग्री या प्रोविजनल)।
11. परास्नातक सभी वर्ष/सेमेस्टर के अंकपत्र एवं (डिग्री या प्रोविजनल)।**(यदि आवेदन करते समय परास्नातक का उल्लेख किया हो)।**
12. **चरित्र प्रमाण पत्र** (अन्तिम संस्था का)।
13. **स्थानान्तरण प्रमाण पत्र** (T.C.)।
14. **स्वास्थ्य प्रमाण पत्र** ।
15. जाति प्रमाण पत्र। **(यदि लागू हो)**
16. आधार कार्ड।
17. निवास प्रमाण पत्र।
18. **2 पासपोर्ट साइज फोटो**।
19. शपथ पत्र (**10 रूपये के स्टाम्प पेपर नोटरी वकील से बनवाकर लाना है) । प्रारूप संलग्न है।**

गोरखपुर विश्वविद्यालय से भिन्न विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को महाविद्यालय में **माइग्रेशन जमा** करने के संबन्ध में सूचना बाद में दी जाएगी।

महाविद्यालय के छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं के लिए निर्धारित गणवेश (uniform) निम्न प्रकार है–

छात्राध्यापक– सफेद रंग की पैंट एवं शर्ट।

छात्राध्यापिका– सफेद रंग का कुर्ता–सलवार एवं लाल रंग का दुपट्टा **या** लाल बार्डर की साड़ी एवं लाल रंग ब्लाउज।

प्राचार्य

(प्रो0 एस0सी0 गौड़)

शपथ पत्र

समक्ष– प्राचार्य

मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाटपार रानी, देवरिया।

शपथकर्ता ..... पुत्री/पुत्र ....निवासी –ग्राम/ मोहल्ला ..... पोस्ट ..... थाना ..... तहसील ..... जनपद .....प्रदेश ..... शपथपूर्वक

बयान करता/करती हूँ –

1. यह कि शपथकर्ता उपरोक्त पता का मूल निवासी है।

2. यह कि शपथकर्ता आपके महाविद्यालय में बी0एड0 शैक्षणिक सत्र 2025–2027 का नियमित छात्र/छात्रा है।

3. यह कि शपथकर्ता ने महाविद्यालय में बी0एड0 प्रवेश के समय जिन शैक्षिक दस्तावेजों/अभिलेखों को संलग्न किया है, वह पूर्णतयः सत्य हैं, तथा विधिमान्य संस्था से अर्जित किए गये हैं।

4. यह कि शपथकर्ता अन्य किसी संस्थान में संस्थागत रूप से किसी अन्य पाठ्यक्रम में अध्ययनरत नहीं है।

5. यह कि शपथकर्ता किसी सरकारी एवं गैरसरकारी सेवा में कार्यरत नहीं है।

6. यह कि शपथकर्ता इस पाठ्यक्रम में अध्ययनरत रहने के दौरान न तो किसी अन्य संस्थान में संस्थागत छात्र के रूप में प्रवेश लेगा और न किसी सरकारी या गैर सरकारी सेवा में कार्यरत रहेगा।

7. यह कि शपथकर्ता को राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एन.सी.टी.ई.) तथा विश्वविद्यालय के नियमानुसार

बी0एड0 पाठयक्रम में 80 प्रतिशत सैद्धांतिक तथा 90 प्रतिशत प्रयोगात्मक उपस्थिति की पूर्ण जानकारी है।

उक्त उपस्थिति पूर्ण न करने की दशा में महाविद्यालय मेरे विरूद्ध विधिक कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र है, उक्त कार्यवाही के सम्बन्ध में मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी।

8. यह कि शपथकर्ता महाविद्यालय को उपलब्ध कराए गए व्हाटसएप नंबर व ई–मेल आई.डी. पर भेजी गई सूचनाओं का दैनिक रूप से अवलोकन करते हुए, दिए गए निर्देशों का पालन करता रहेगा/रहेगी।

9. शपथकर्ता का किसी भी प्रकार का सत्र रिक्त नहीं है। यदि है तो कारण निम्नवत है .....

.....

10. यह कि शपथ पत्र की धारा 1 से 9 तक मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है। मेरे द्वारा कोई बात छिपाई नहीं गई है। ईश्वर मेरी मदद करें।

दिनांक .....

हस्ताक्षर